मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 13] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च 2015-चैत्र 6, शके 1937

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

यह है कि मैं प्रत्यूष सराफ पिता श्री कृष्णगोपाल सराफ, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 8, पंचायती मंदिर के पास शहडोल, जिला शहडोल मध्यप्रदेश का हूँ.

मेरी अंकसूची में मेरे नाम की गलत स्पेलिंग होने के कारण प्रत्यूष (PRATYUSH) के जगह प्रेतूष (PRETUSH) दर्ज है जो कि गलत है. मैं अपने समस्त अंकसूची एवं डिग्री प्रमाण-पत्र में अपना नाम प्रत्यूष सराफ (PRATYUSH SARAF) दर्ज कराना चाहता हूँ, जो सत्य एवं सही है. अतः मुझे मेरे वास्तविक नाम प्रत्यूष सराफ के नाम से जाना व पहचाना जाये.

पुराना नाम :

(प्रेतूष कुमार सराफ)
(PRETUSH KUMAR SARAF)

नया नाम :

(प्रत्यूष सराफ)
(PRATYUSH SARAF)
वार्ड नं. 8, पंचायती मंदिर के पास शहडोल,
जिला शहडोल (म.प्र.).

(684-बी.)

उप-नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मुझे Gulshan Kumar Soni गुलशन कुमार सोनी के नाम से जाना जाता था जो कि अब बदलकर Gulshan Kumar Arora गुलशन कुमार अरोरा हो गया है. अतः अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से Gulshan Kumar Arora गुलशन कुमार अरोरा के नाम से जाना जाये है.

पुराना नाम :

(GULSHAN KUMAR SONI)
(गुलशन कुमार सोनी)

नया नाम :

(GULSHAN KUMAR ARORA)
(गुलशन कुमार अरोरा)
E-8/162, रोहित नगर फेस-1, बाबड़ियाकलां,
भोपाल (म.प्र.).

(685-बी.)

नाम परिवर्तन

पूर्व में नाम नासिर खान लाला पिता कमालु खान लाला था. जो मैंने बदलकर नासिर खान पिता कमालु खान लाला रख लिया है.

पुराना नाम :

(नासिर खान लाला)

नया नाम :

(नासिर खान)
वार्ड नं. 15, रेल्वे स्टेशन के पास,
अकोडिया शाजापुर (म.प्र.).

(690-बी.)

CHANGE OF NAME

I, informed to all communities that it name earlier was Asha Shere. I have changed my name from Asha Shere. Residing at CM-II/88, M.I.G. Pandit Dindayal Upadhyay Nagar, Sukhliya Indore (M.P.) 452010, have change my name to Asha Soni by affidavit swron before the Notary public on 07-02-2014. Henceforth I shall be known as ASHA SONI for all future purposes.

Old Name :

(ASHA SHERE)

New Name :

(ASHA SONI)

CM-II/88, M.I.G. Pandit Dindayal Upadhyay Nagar,
Sukhliya Indore (M.P.).

(688-B.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ज्येष्ठ अवयस्क पुत्र अविरल भारद्वाज, निवासी 211, गोयल विहार कॉलोनी, खजराना गणेश मंदिर के पास, इन्दौर (मध्यप्रदेश) का नाम बदलकर अविरल सिंह रख लिया है तथा इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कर ली है. अत: आज दिनांक से मेरे ज्येष्ठ पुत्र को अविरल सिंह के नाम से जाना-पहचाना जाएगा. सो विदित होवें.

दिलीप कुमार सिंह,
211, गोयल विहार, कॉलोनी,
खजराना गणेश मंदिर के पास, इन्दौर (म.प्र.).

(691-बी.)

जाहिर सूचना

मेसर्स एस. वी. कन्स्ट्रक्शन (भागीदारी फर्म) द्वारा पुनर्गठन कर दिनांक 01 अप्रैल, 2013 के द्वारा भागीदारगण---1. श्री मनीष शेड़ानी पिता श्री एस. जी. शेड़ानी, 2. श्री सुभाष बंसल पिता श्री मधुसुदनलाल बंसल व 3. श्री मनीष विजयवर्गीय पिता श्री जानकीलाल विजयवर्गीय को भागीदारी फर्म से सेवा निवृत्त कर दिया गया है. सदर सूचना-पत्र भागीदारी अधिनियम 1932 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकाशित करवाया जा रहा है. अत: वर्तमान में सदर भागीदारी फर्म मेसर्स एस. वी. कन्स्ट्रक्शन में मुझ अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के अतिरिक्त श्री विपीन बंसल पिता श्री मधुसुदनलाल बंसल भागीदार के रूप में शेष है. सूचनार्थ हेतु प्रेषित.

मेसर्स एस. वी. कन्सट्रक्शन तर्फे
सुनील कुमार पिता श्री जानकीलाल विजयवर्गीय,
विपीन बंसल पिता श्री मधुसुदनलाल बंसल.
(भागीदार).

(686-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स सुनील ऑटो मोबाईल्स स्थित सिरोंज रोड, आरोन, जिला गुना (म.प्र.) में दिनांक 26-06-2008 को भागीदार श्री दीपक कुमार पुत्र श्री पुरूषोत्तम दास अग्रवाल, निवासी सदर बाजार, गुना (म.प्र.) का देहांत हो जाने से वह फर्म से स्वत: पृथक् हो गये हैं एवं दिनांक 29-06-2008 से श्रीमती कुमुद अग्रवाल पत्नि स्व. श्री दीपक अग्रवाल, निवासी सदर बाजार, गुना फर्म में सम्मिलित हो गई हैं. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

फर्म—मैसर्स सुनील ऑटो मोबाईल्स,
आशीष अग्रवाल,
सिरोंज रोड, आरोन, जिला गुना (म.प्र.).
द्वारा—अमित सोगानी
(एडवोकेट)
सोगानी एण्ड कम्पनी, नया पुरा, गुना (म. प्र.).

(687-बी.)

फर्म में परिवर्तन की सूचना

भागीदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधानों के अंतर्गत फर्म मेसर्स सतीशचंद्र कस्तूरीलाल, पार्टनरशिप फर्म पता-150, नवीन फल एवं सब्जी मण्डी तेजपुर गडबडी, इन्दौर के गठन में परिवर्तन के सम्बन्ध में सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि फर्म के भागीदार श्रीमती निर्मलादेवी पति कस्तूरीलाल फर्म में भागीदारी से पृथक् हो गए हैं तथा शेष भागीदारों द्वारा फर्म का कार्य संचालित किया जा रहा है. सो सूचित हो.

तर्फे : मैसर्स सतीशचंद्र कस्तूरीलाल,
कमल चौधरी,
शांति चौधरी
(भागीदार).

(689-बी.)

विविध

निविदा सूचनाएं

भोपाल, दिनांक 13 मार्च, 2015

क्र. जी.बी./दो(7)/2015/752.—नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल में "ए" एवं "बी" आफसेट श्रेणी में जीवित पंजीकृत समस्त मुद्रकों से मुद्रण एवं अन्य सम्बन्धित विधाओं के कार्य कराने हेतु तकनीकी एवं कामर्शियल भाग की-डेट्स अनुसार ऑनलाईन ई-टेण्डर **https://mpeproc.gov.in** से आमंत्रित की जाती है. तकनीकी भाग दिनांक 06 अप्रैल, 2015 को अपराह्न 3.30 बजे एवं निविदा का कामर्शियल भाग दिनांक 09 अप्रैल, 2015 को अपराह्न 2.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाऊनलोड की जावेगी.

ऑनलाईन तकनीकी भाग के परिशिष्ट-एक एवं दो की जानकारी की हार्डकापी, स्थापित मशीनों की सूची, नियम एवं शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की-डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे.

विज्ञप्ति, तकनीकी विवरण, नियम एवं शर्तों को **https://mpeproc.gov.in** पर अवलोकन हेतु रखा गया है.

अरूण तिवारी,
नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
(174) मध्यप्रदेश, भोपाल.

न्यायालयों की सूचनाएं

कार्यालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला दमोह

दमोह, दिनांक 24 फरवरी, 2015

प्रारूप क्रमांक-4

[देखें नियम-6 (1)]

प्र.क्र.01/ब-113(1)/14-15

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951(1951का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियमानुसार (1) के द्वारा]

क्र./स.न्यास/2015.—पंचान कुरैश मण्डी मस्जिद समिति, दमोह में अपनी समिति की ओर से यह कि बजरिया नं. 1, तहसील व जिला दमोह द्वारा श्री सईद कुरैशी पिता स्व. यूनुस कुरैशी, उम्र 48 वर्ष अध्यक्ष ट्रस्ट कमेटी मध्यप्रदेश लोक न्याय अधिनियम, 1951 (1954 का 30) धारा-4 के अंतर्गत एवं आवेदन-पत्र अनुसूची में विर्निदिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए आवेदन किया है एतद्द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है. कि कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जायेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

न्यास का नाम व पता	. .	पंचान कुरैश मण्डी मस्जिद कमेटी.
सम्पत्ति का विवरण	. .	पंचान कुरैश मण्डी मस्जिद कमेटी में भूमि मोजा कुलुवा उर्फ मारूताल, जिला दमोह खसरा नं. 1/22/0.607, 1/39/1.214.

मनोज कुमार ठाकुर,
(175) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी शहर एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, जिला भोपाल

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

समक्ष : रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, जिला भोपाल.

1. आवेदक सरदार गुरूदयाल सिंह, निवासी-10, हमीदिया रोड, भोपाल द्वारा उपस्थित होकर गुरूनानक गुरूमत प्रचार चेरीटेबल पब्लिक ट्रस्ट, भोपाल को मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत एक आवेदन-पत्र सूची में दर्शाई गई सम्पत्ति के अनुसार पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया है.

2. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 08 अप्रैल, 2015 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो लिखित में दो प्रतियों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के एक माह के भीतर प्रस्तुत करें, अथवा उक्त दिनांक को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

ट्रस्ट का नाम व पता	:	गुरूनानक गुरूमत प्रचार चेरीटेबल पब्लिक ट्रस्ट, 10 हमीदिया रोड, भोपाल.
कार्यालय का पता	:	10 हमीदिया रोड, भोपाल.
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	रू. 14, 99, 960/-.

सुनील राज नायर,
रजिस्ट्रार.

(193)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, अनुभाग देवास

देवास, दिनांक 02 मार्च, 2015

[पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा-5 (2) व पब्लिक ट्रस्ट नियम, 1952 के नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

क्र./1454/रीडर-1/15.—श्री अशोक वर्मा, अध्यक्ष मालवीय सैन समाज ट्रस्ट देवास की ओर से ''मालवी सेन समाज धर्मशाला ट्रस्ट'' के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है. आवेदन-पत्र के साथ ट्रस्ट का घोषणा-पत्र उद्देश्य नियमावली एवं ट्रस्ट की प्रस्तावना एवं उसकी रूपरेखा आदि के साथ संलग्न किया गया है. ट्रस्ट पंजीयन के संबंध में चालान क्रमांक 28 दिनांक 02 मार्च, 2015 से भारतीय स्टेट बैंक, मोतीबंगला शाखा, देवास में पंजीयन शुल्क रुपये 5/- की राशि जमा कर चालान की प्रति संलग्न की गई है.

अत: ''मालवी सैन समाज धर्मशाला ट्रस्ट'' न्यास देवास के पंजीयन हेतु यदि किसी व्यक्ति विशेष अथवा कोई संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति आगामी पेशी दिनांक 07 अप्रैल, 2015 को समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में आगामी कार्यवाही सम्पादित की जावेगी.

आज दिनांक 02 मार्च, 2015 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई.

धीरज श्रीवास्तव,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

(194)

अन्य सूचनाएं

कार्यालय उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटीज, जिला धार

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1735, धार, दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के अनुसार चंबल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., डेहरी सराय, तहसील व जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1238, दिनांक 12 दिसम्बर, 2007 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को सूचना-पत्र प्राप्ति के उपरान्त संस्था के पदाधिकारी/सचिव उपस्थित नहीं हुए और न ही जवाब प्राप्त हुआ. इससे स्पष्ट होता है कि उन्हे इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी ''डी'' वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की चंबल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., डेहरी सराय, तहसील व जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री एस. एस. चौहान, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(170-Z)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1691, धार, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 के अनुसार बालाजी ईंट भट्टा सहकारी संस्था मर्या., तिरला (राजगढ़), तहसील सरदारपुर, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 810, दिनांक 27 मार्च, 1992 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को सूचना-पत्र प्राप्ति के उपरान्त संस्था के पदाधिकारी/सचिव उपस्थित नहीं हुए और न ही जवाब प्राप्त हुआ. इससे स्पष्ट होता है कि उन्हे इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी "डी" वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अतः मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग बालाजी ईंट भट्टा सहकारी संस्था मर्या., तिरला (राजगढ़), तहसील सरदारपुर, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री प्रदीप पाठक, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-C)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1709, धार, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 के अनुसार आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., फरसपुरा, तहसील मनावर, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1018, दिनांक 23 जून, 1998 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को सूचना-पत्र प्राप्ति के उपरान्त संस्था के पदाधिकारी/सचिव उपस्थित नहीं हुए और न ही जवाब प्राप्त हुआ. इससे स्पष्ट होता है कि उन्हे इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी "डी" वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अतः मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., फरसपुरा, तहसील मनावर, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री प्रदीप पाठक, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-D)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1708, धार, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 के अनुसार अन्नपूर्णा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., सेजवानी, तहसील व जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1234, दिनांक 15 दिसम्बर, 2007 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को संस्था सचिव उपस्थित हुए और उनके द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया. जिसमें संस्था द्वारा पंजीयन पश्चात् कोई कार्य नहीं करने तथा सदस्यगढ़ कार्य में रुचि नहीं लेने से संस्था को परिसमापन में लाने हेतु निवेदन किया गया. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी "डी" वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अतः मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की अन्नपूर्णा

बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., सेजवानी, तहसील व जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री सी. बी. पाण्डे, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-E)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1751, धार, दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के अनुसार मयूर आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., बडगांव, तहसील कुक्षी, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1025, दिनांक 05 दिसम्बर, 1998 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को संस्था अध्यक्ष उपस्थित हुए और उनके द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया. जिसमें संस्था को मत्स्य पट्टा आबंटित नही होना, समयाविध में निर्वाचन नहीं करवाना एवं वर्ष 2007 से अकार्यशील होने का उल्लेख किया गया. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी ''डी'' वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की मयूर आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., बडगांव, तहसील कुक्षी, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री सी. बी. पाण्डे, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-F)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1705, धार, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 के अनुसार जय भैरवनाथ मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., आमखेडा, तहसील व जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1124, दिनांक 01 दिसम्बर, 2002 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र पंजीकृत डाक से जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा था. रजिस्ट्री ए. डी. सहित वापस प्राप्त जिसमें डाक विभाग द्वारा इस पते पर संस्था एवं अध्यक्ष नहीं मिले, ऐसा लिखा गया है. कार्यालय द्वारा पूर्ण पता लिखने के उपरान्त संस्था एवं अध्यक्ष उक्त पते पर न होना नियम विरुद्ध है. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी ''डी'' वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की जय भैरवनाथ मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., आमखेडा, तहसील व जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री सी. बी. पाण्डे, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-G)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1742, धार, दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के अनुसार अन्नपूर्णा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., ननोदा, तहसील कुक्षी, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1248, दिनांक 28 मार्च, 2009 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को सूचना-पत्र प्राप्ति के उपरान्त संस्था के पदाधिकारी/सचिव उपस्थित नहीं हुए और न ही जवाब प्राप्त हुआ. इससे स्पष्ट होता है कि उन्हे इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी ''डी'' वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की अन्नपूर्णा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., ननोदा, तहसील कुक्षी, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री एस. एस. चौहान, वरि. सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-H)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1695, धार, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 के अनुसार बलराम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., सिंघाना, तहसील मनावर, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1245, दिनांक 05 जून, 2008 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को संस्था के सदस्य उपस्थित हुए और उनके द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसमें संस्था द्वारा पंजीयन पश्चात् कोई कार्य नही करने तथा सदस्यगण कार्य में रुचि नहीं लेने से संस्था को परिसमापन में लाने हेतु निवेदन किया गया. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है. इससे स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की बलराम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., सिंघाना, तहसील मनावर, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री एस. एस. चौहान, वरि. सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-I)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1739, धार, दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के अनुसार वसुन्धरा एग्रो. को. ऑप. सर्विस एवं विपणन सहकारी संस्था मर्या., धार, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1169, दिनांक 19 मार्च, 2004 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. सूचना-पत्र प्राप्ति के उपरान्त नियत दिनांक को संस्था के पदाधिकारी/सचिव उपस्थित नहीं हुए और न ही जवाब प्राप्त हुआ. इससे स्पष्ट होता है कि उन्हे इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी "डी" वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की वसुन्धरा एग्रो. को. ऑप. सर्विस एवं विपणन सहकारी संस्था मर्या., धार, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री एस. एस. चौहान, वरि. सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-J)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (4) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2009/839, धार, दिनांक 30 जून, 2009 के अनुसार दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., दंतोली वि. ख. सरदारपुर, जिला धार, को परिसमापन में लाया गया था, परन्तु कार्यालय के आदेश क्र./निर्वा./2011/2293, दिनांक 26 दिसम्बर, 2011 से उक्त संस्था के निर्वाचन के आदेश जारी होने से निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन करा दिये गये. जिनकी सम्पूर्ण निर्वाचन कार्यवाही दिनांक 01 मार्च, 2012 को सम्पन्न हुई. संस्था के परिसमापक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में संस्था को कार्यशील दर्शाते हुए निर्वाचन होने का उल्लेख किया है. प्रबंधक (क्षेत्र संचालक) इन्दौर दुग्ध सहकारी संघ, धार के द्वारा भी संस्था को निरन्तर कार्यशील दर्शाते हुए परिसमापन आदेश निरस्त करने हेतु लिखा गया है.

परिसमापक एवं प्रबंधक (क्षेत्र संचालक) इन्दौर दुग्ध सहकारी संघ धार के प्रतिवेदन अनुसार संस्था के कार्यशील होने तथा संचालक मण्डल का निर्वाचन होकर कार्यकाल 28 फरवरी, 2017 तक शेष रहने से संस्था एवं सदस्यों के हित में मैं ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपल की अधिसूचना क्र./एफ-5-1-19-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (4) के अंतर्गत कार्यालय द्वारा जारी परिसमापन आदेश क्र./परिसमापन/2009/839, दिनांक 30 जून, 2009 एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1746, धार, दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के अनुसार श्री श्याम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., पटलावद, तहसील धरमपुरी, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1262, दिनांक 07 जून, 2010 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को संस्था अध्यक्ष उपस्थित हुए और उनके द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसमें संस्था द्वारा पंजीयन पश्चात् कोई कार्य नहीं करने तथा सदस्यगण कार्य में रुचि नहीं लेने से संस्था को परिसमापन में लाने हेतु निवेदन किया गया. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी ''डी'' वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की श्री श्याम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., पटलावद, तहसील धरमपुरी, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री प्रदीप पाठक, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-A)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1697, धार, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 के अनुसार दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., टाण्डाखेडा, तहसील सरदारपुर, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1048, दिनांक 25 फरवरी, 2000 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नीयत दिनांक को संस्था के पदाधिकारी/सचिव उपस्थित नहीं हुए और न ही जवाब प्राप्त हुआ. प्रबंधक (क्षेत्र संचालक) दुग्ध संयत्र, इन्दौर क्षेत्र धार एवं सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी ''डी'' वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., टाण्डाखेडा, तहसील सरदारपुर, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री प्रदीप पाठक, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-B)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1736, धार, दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के अनुसार अनुसार सपना आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., खरगोन, तहसील कुक्षी, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1016, दिनांक 10 जून, 1998 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. परन्तु जारी सूचना-पत्र संस्था पदाधिकारी द्वारा नहीं लिया गया. नियत दिनांक पर कोई भी पदाधिकारी/सचिव उपस्थित

नहीं हुआ और न ही जवाब प्राप्त हुआ. संस्था पदाधिकारी द्वारा सूचना-पत्र न लेकर नियम विरुद्ध कार्य किया गया है. सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रही है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी "डी" वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की सपना आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., खरगोन, तहसील कुक्षी, जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री एस. एस. चौहान, वरि. सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(177-K)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2014/1745, धार, दिनांक 27 नवम्बर, 2014 के अनुसार जिला वृक्ष सहकारी यूनियन (संघ) मर्या., धार, तहसील व जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 807, दिनांक 01 नवम्बर, 1991 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था एवं निर्धारित समयावधि में जवाब मय साक्ष्य चाहा गया था. नियत दिनांक को सूचना-पत्र प्राप्ति के उपरान्त संघ के पदाधिकारी/सचिव उपस्थित नहीं हुये और न ही जवाब प्राप्त हुआ. इससे स्पष्ट होता है कि उन्हें इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है, सहायक आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारिता जिला धार द्वारा भी संघ अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने की अनुसंशा की गई है. संघ मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रहा है एवं विगत वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट में भी "डी" वर्ग देने से स्पष्ट होता है कि संघ अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरुप कार्य नहीं कर रहा है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहकारिता विभाग की जिला वृक्ष सहकारी यूनियन (संघ) मर्या., धार, तहसील व जिला धार को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री एस. डी. माधवाचार्य, वरि. सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

ओ. पी. गुप्ता,
उप-रजिस्ट्रार.

(177-L)

कार्यालय, परिसमापक सहकारी संस्थाएं, जिला धार

धार, दिनांक 16 मार्च, 2015

[म. प्र. सहकारी समितियां नियम, 1962 के उप-नियम-57 (1)(सी/ग) के अन्तर्गत]

कार्यालय उप-पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला धार के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम,1960 की धारा-69 के अंतर्गत निम्न सहकारी समितियों को परिसमापन में लाई जाकर धारा-70 (1) के अंतर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्र.	समिति का नाम	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापन का आदेश क्रमांक व दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., टाण्डाखेडा	1048/25-02-2000	144/30-01-2015
2.	बालाजी ईंट भट्टा सहकारी संस्था मर्या., तिरला (राजगढ़)	810/27-03-1992	145/30-01-2015
3.	आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., फरसपुरा	1018/23-06-1998	146/30-01-2015
4.	श्री श्याम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., पटलावद	1262/07-06-2010	143/30-01-2015

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1960 के उपनियम 57 (1)(सी/ग) के अंतर्गत उक्त सहकारी समितियों के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे समिति के विरुद्ध अपने समस्त दावों की इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दो माह के अंदर मय प्रमाण के मुझे लिखित रूप में प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में सदस्यगण/साहूकारगण किसी भी लाभ के बटवारे से वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे.

यदि दो माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा मान्य नहीं किया जावेगा, तदानुसार समिति की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयंमेव मुझे विधिवत प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे तथा समिति के समस्त लेनदारी/देनदारी/आस्तियों का अंतिम रूप से निराकरण मेरे द्वारा कर दिया जावेगा.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 16 मार्च, 2015 को मेरे द्वारा जारी किया गया है.

प्रदीप पाठक,
परिसमापक एवं उप-अंकेक्षक.

(176)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास

देवास, दिनांक 30 जनवरी, 2015

क्र./परि./2014/178.—जय भेरूबाबा मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित, निसकाय, जिसका पंजीयन क्रमांक/स.प.दे./1206, दिनांक 04 अक्टूबर, 2008 है तहसील सतवास, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम,1960 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर श्रीमती प्रेरणा जाम्भेकर, उप-अंकेक्षक को आदेश क्रमांक 320, दिनांक 31 जनवरी, 2013 से परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की आमसभा दिनांक 15 जनवरी, 2013 आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्था के सदस्यों के आर्थिक उन्नति के हित में संस्था को पुनर्जीवित करना चाहते हैं. सहकारिता के विस्तार की दृष्टि से संस्था को पुनर्जीवित करना उचित है तथा परिसमापक के प्रस्ताव से मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था सदस्यों के हित में संस्था का अस्तित्व बना रहना उचित है एवं उसे पुनर्जीवित करना उचित हैं.

अतः मैं डॉ. के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास (म.प्र.) शासन सहकारिता विभाग के ज्ञापन क्रमांक/एफ-5-1-99/पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक 17 सन् 1961) की धारा-3 की उपधारा (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जय भेरूबाबा मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित, निसकाय, तहसील सतवास, जिला देवास को परिसमापन में लाने हेतु जारी किये गये, आदेश को निरस्त करते हुए इस आदेश के तहत पुनर्जीवित करता हूँ तथा निर्देश देता हूँ कि तीन माह में संस्था अपना निर्वाचन पूर्ण करावे.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया.

के. एन. त्रिपाठी,
उप-पंजीयक.

(178)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत]

इस कार्यालय के आदेश क्र. 434, दिनांक 16 सितम्बर, 2012 के द्वारा लक्ष्मी महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या., कानाकाकड़, तहसील जोबट, जिला अलीराजपुर जिसका पंजीयन क्र. 992, दिनांक 20 जनवरी, 2004 है, जो मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अंतर्गत श्री आई. डी. सर्राफ, उप-अंकेक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था के परिसमापन की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न करके पंजीयन निरस्त हेतु अंतिम प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसके साथ साधारण सभा की कार्यवाही विवरण, अंकेक्षित निरंक स्थिति विवरण-पत्रक प्रस्तुत कर संस्था के पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की गई है.

परिसमापक की उक्त कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः मैं, अम्बरीष वैद्य, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्र. एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के अन्तर्गत प्रदत्त रजिस्ट्रार की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का निगम निकाय (बॉडी कार्पोरेट) समाप्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 26 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

अम्बरीष वैद्य,
उप-पंजीयक.

(179)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा

विदिशा, दिनांक 11 मार्च, 2015

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/परिसमापन/1998/597, विदिशा, दिनांक 21 मई, 1998 से तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, पगरानी,

तहसील सिरोंज, जिला विदिशा, जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./व्ही.डी.एस./436, दिनांक 21 मई, 1992 को परिसमापन में लाया जाकर श्री व्ही. के. गुप्ता, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा को संस्था का समापक नियुक्त किया गया था.

समापक द्वारा तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, पगरानी, तहसील सिरोंज, जिला विदिशा की परिसमापन की कार्यवाही पूर्ण कर संस्था का अन्तिम प्रतिवेदन संस्था का पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया है.

मैं, समापक के द्वारा की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99/एक-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, पगरानी, तहसील सिरोंज, जिला विदिशा, जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./व्ही.डी.एस./436, दिनांक 21 मई, 1992 का पंजीयन निरस्त करते हुए उसका निगम निकाय (बॉडी-कार्पोरेट) इस आदेश दिनांक से समाप्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 11 मार्च, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

भूपेन्द्र प्रताप सिंह,
उप-पंजीयक.

(180)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला खरगोन

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत]

सतपुड़ा मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., उमरिया, तहसील कसरावद, जिला खरगोन, पंजीयन क्रमांक/डी.आर./1135, दिनांक 04 जून, 1997 को कार्यालयीन आदेश क्र./परि./2014/18 जून, 2014 द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था.

परिसमापकों द्वारा संस्था की परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर स्थिति विवरण पत्रक निरंक किया जाकर अंतिम प्रतिवेदन पंजीयन निरस्त किये जाने हेतु प्रस्तुत किया है. अंतिम स्थिति विवरण पत्रक का सहायक पंजीयक (अंकेक्षण) सहकारी संस्थाएं द्वारा नियुक्त अंकेक्षक द्वारा अंकेक्षण कराया जाकर अंकेक्षण टीप निर्गमित की गई है. जिससे स्पष्ट है कि संस्था की देनदारियों एवं लेनदारियों का निराकरण हो चुका है ऐसी स्थिति में संस्था का पंजीयन निरस्त किये जाने योग्य है.

अत: मैं, बी. एस. अलावा, उप-पंजीयक सहकारी समितियाँ खरगोन, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अंतर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग के विज्ञप्ति क्र./एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत् प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सतपुड़ा मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या., उमरिया, तहसील कसरावद, जिला खरगोन का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व आज दिनांक 29 दिसम्बर, 2014 से निर्गमित निकाय (बॉडी कार्पोरेट) के रूप में नहीं रहेगा.

यह आदेश आज दिनांक 29 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

बी. एस. अलावा,
उप-पंजीयक.

(181)

कार्यालय डिप्टी-रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, छतरपुर

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

समस्त सदस्य,

द्वारा-श्री तमन विश्वास अध्यक्ष,

कृषि सहकारी समिति मर्या., ठकुरपुरा, जिला छतरपुर म.प्र.

एतद् सूचना-पत्र द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि कृषि सहकारी समिति मर्या., ठकुरपुरा, (जिसे आगे केवल संस्था कहा गया है) पंजीयन क्रमांक 1241, दिनांक 22 फरवरी, 2010 की अंकेक्षण टीप वर्ष 2011-12 का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि उक्त संस्था के वर्ष 2011-12 के अंकेक्षक द्वारा अपनी अंकेक्षण टीप में यह लेख किया गया है कि संस्था पंजीयन दिनांक से अकार्यशील है तथा पंजीकृत पते पर स्थापित नहीं है एवं कोई भी रिकार्ड प्राप्त नहीं हुआ है. ऐसी स्थिति में संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित होगा. संस्था के वर्ष 2011-12 के अंकेक्षक की उक्त टीप से यह स्पष्ट होता है कि :—

1. संस्था अपने पंजीकृत पते पर स्थापित नहीं है.

2. संस्था अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है तथा संस्था अकार्यशील है.

3. संस्था द्वारा वर्ष 2012-13 से संस्था का अंकेक्षण नहीं कराया जा रहा है.

4. संस्था, सहकारी अधिनियम, नियम एवं संस्था की उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन करना बंद कर दिया है.

5. संस्था के सदस्य निष्क्रिय हैं जिसके कारण संस्था अकार्यशील है.

6. संस्था के संचालक मण्डल का पंजीयन दिनांक से निर्वाचन नहीं कराया गया.

उक्त बिन्दुओं से यह स्पष्ट है कि संस्था ने युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारम्भ नहीं किया है तथा सहकारी अधिनियम, नियम एवं उपविधियों के प्रावधानों का पालन करना बंद कर दिया. ऐसी स्थिति में संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित होता है.

अत: मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक/एफ-5-1-99 पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 एवं मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69 (3) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मैं अखिलेश कुमार निगम, डिप्टी रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, छतरपुर यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर आपसे यह अपेक्षा करता हूँ कि उक्त बिन्दुओं के संबंध में संस्था की आम सभा आहूत कर आम सभा के समक्ष यह सूचना-पत्र विचारार्थ रख कर एक माह के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें. अनुपस्थिति की दशा में यह माना जावेगा कि आपको उक्त के संबंध में कुछ नहीं कहना है. तदानुसार प्रस्तावित कार्यवाही का आदेश पारित कर दिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 13 फरवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(182)

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

समस्त सदस्य,
द्वारा-प्रशासक
लोकेन्द्र विपणन सहकारी समिति मर्या., बक्स्वाहा.

एतद् सूचना-पत्र द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि लोकेन्द्र विपणन सहकारी समिति मर्या., बक्स्वाहा (जिसे आगे केवल संस्था कहा गया है) के संचालक मण्डल का निर्वाचन न होने के कारण संस्था के प्रशासक को कार्यालयीन पत्र क्रमांक/निर्वा./2013/1031, दिनांक 17 सितम्बर, 2013 के द्वारा लेख किया गया था. लेकिन संस्था के प्रशासक द्वारा यह लेख किया गया है कि संस्था अपने पंजीयन दिनांक से अकार्यशील है तथा संस्था के बचत/चालू खाते में कोई राशि नहीं है. जिसके कारण संस्था का निर्वाचन कराया जाना संभव नहीं है. इसके साथ ही संस्था में कोई कर्मचारी एवं रिकार्ड उपलब्ध नहीं है. अत: संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित होगा.

संस्था के प्रभारी अधिकारी/प्रशासक द्वारा प्रेषित उक्त प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि :—

1. संस्था अपने पंजीकृत पते पर स्थापित नहीं है.

2. संस्था अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है तथा संस्था अकार्यशील है.

3. संस्था द्वारा वर्ष 2012-13 से संस्था का अंकेक्षण नहीं कराया जा रहा है.

4. संस्था सहकारी अधिनियम, नियम एवं संस्था की उपविधियों के प्रावधानों का अनुपालन करना बंद कर दिया है.

5. संस्था के सदस्य निष्क्रिय हैं जिसके कारण संस्था अकार्यशील है.

6. संस्था के संचालक मण्डल का पंजीयन दिनांक से निर्वाचन नहीं कराया गया.

उक्त बिन्दुओं से यह स्पष्ट है कि संस्था ने युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारम्भ नहीं किया है तथा सहकारी अधिनियम, नियम एवं उपविधियों के प्रावधानों का पालन करना बंद कर दिया. ऐसी स्थिति में संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित होता है.

अत: मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक/एफ-5-1-99 पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 एवं मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69 (3) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मैं अखिलेश कुमार निगम, डिप्टी रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, छतरपुर यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर आपसे यह अपेक्षा करता हूँ कि उक्त बिन्दुओं के संबंध में संस्था की आम सभा आहूत कर आम सभा के समक्ष यह सूचना-पत्र विचारार्थ रख कर एक माह के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें. अनुपस्थिति की दशा में यह माना जावेगा कि आपको उक्त के संबंध में कुछ नहीं कहना है. तदानुसार प्रस्तावित कार्यवाही का आदेश पारित कर दिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 13 फरवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

अखिलेश कुमार निगम,
डिप्टी रजिस्ट्रार.

(182-A)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी, सहकारी संस्थाएं, बैतूल

बैतूल, दिनांक 11 फरवरी, 2015

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (1) सी/ग के अन्तर्गत]

क्र./परि./15/222.— कार्यालय उप-पंजीयक सहकारी संस्थाएं, बैतूल जिला बैतूल के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत कार्यालयीन आदेश क्रमांक/परिसमापन/14/567, दिनांक 26 जुलाई, 2014 के द्वारा मुझे निम्नानुसार सहकारी संस्थाओं का परिसमापक नियुक्त किया गया है :-

क्र.	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक/दिनांक	परिसमापन आदेश क्रमांक/दिनांक
1.	दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., कोंढरखापा	1496/22-12-2004	567/26-07-2014
2.	डॉ. अम्बेडकर रूई धुनकर सह. संस्था मर्या., आमला	1620/22-02-2010	567/26-07-2014

उपरोक्त सहकारी संस्थाओं से मुझे किसी प्रकार का कोई रिकार्ड अथवा दस्तावेज तथा डेड स्टाक आदि का चार्ज प्राप्त नहीं हुआ है.

